जल जीवन मिशन कार्यकम के अन्तर्गत जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला पेयजल एंव स्वच्छता समिति गाजियाबाद की अध्यक्षता में "जिला पेयजल एंव स्वच्छता समिति गाजियाबाद की दिनांक 28.02.2023 को सम्पन्न बैठक का कार्यवृत्तः--

सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि प्रमुख सचिव, उ0प्र0 शासन नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति अनुभाग-1, के शा0सं0 95/छिहत्तर-2020-20 स्वजल/2010 टी0सी0-अ लखनऊ दिनांक 21 जनवरी 2020 के द्वारा पेयजल एंव स्वच्छता विभाग जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप जिला पेयजल एंव स्वच्छता मिशन के संगठनात्मक स्वरूप को और सुदृढ बनाने तथा ग्रामीण पेयजल कार्यकमो के प्रभावी कियान्वयन एंव मूल्यांकन तथा उनके अनुश्रवण हेतु शासनादेश सं0 2211/38-5-2010-20 स्वजल 2010 (टी0सी0अ0) दिनांक 29 नवम्बर 2010 को संशोधित करते हुए जिला पेयजल एंव स्वच्छता समिति का पुर्नगठन किया गया था। शासनादेश द्वारा जिला पेयजल एंव स्वच्छता समिति को जलापूर्ति की योजना की स्वीकृति एंव राज्य पेयजल स्वच्छता मिशन को अग्रसारित करने हेतु अधिकृत किया गया है।

जनपद गाजियाबाद की पेयजल योजनाओं की डी0पी0आर0 की स्वीकृति एवं कार्यो की प्रगति हेतु जिलाधिकारी/अध्यक्ष गाजियाबादकी अध्यक्षता में "जिला पेयजल एंव स्वच्छता समिति" गाजियाबाद की बैठक दिनांक 28.02.2023 को आयोजित की गयी, जिसमें निम्नलिखित सदस्यो द्वारा प्रतिभाग किया गयाः-

1. मुख्य विकास अधिकारी, गाजियाबाद —उपाध्यक्ष।
2. जिला विकास अधिकारी, गाजियाबाद —सदस्य।
3. प्रभागीय वनाधिकारी गाजियाबाद द्वारा नामित अधिकारी —सदस्य।
4. जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी, गाजियाबाद —सदस्य।
5. जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, गाजियाबाद —सदस्य।
6. अधिशासी अभियंता, सिचांई खण्ड प्रथम, गाजियाबाद —सदस्य।
7. अधिशासी अभियंता ग्राउड वाटर, गाजियाबाद —सदस्य।
8. जिला कृषि अधिकारी, गाजियाबाद —सदस्य।
9. जिला सूचना एंव जन सम्पर्क अधिकारी, गाजियाबाद —सदस्य।
10. अधिशासी अभियंता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), गाजियाबाद —सदस्य सचिव।
11. श्री मुनीश- सीनियर इंजीनियर, मैसर्स एल0सी0 इन्फा-टी0सी0ई0एल0 (जे0वी0), अहमदाबाद।

## एजेण्डाः 1 डी0पी0आर0 के संबध में-

सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि अधिशासी निदेशक राज्य पेयजल एंव स्वच्छता मिशन लखनऊ के पत्रांक 2393/w-22/NIT/2021-21 दिनांक 25.01.2021 (संलग्नक-ख) के द्वारा मै0 एल0सी0इन्फा-टी0सी0ई0एल0 (जे0वी0), अहमदाबाद को जल जीवन मिशन कार्यकम के अन्तर्गत जनपद गाजियाबाद की पेयजल योजनाओं की डी0पी0आर0 विरचन एंव पेयजल योजनाओं के निर्माण हेतु अधिकृत किया गया है। राज्य पेयजल एंव स्वच्छता मिशन द्वारा ग्रामीण पेयजल आपूर्ति हेतु चयनित फर्म मै0 एल0सी0इन्फा-टी0सी0ई0एल0 (जे0वी0), अहमदाबाद द्वारा राज्य पेयजल एंव स्वच्छता मिशन तथा जल निगम मुख्यालय द्वारा दिए गए निर्देशानुसार जनपद गाजियाबाद हेतु पत्र संख्या- LC/GZB/JJM/257 Date:-21-02-2023 (संलग्नक-ग) के माध्यम से 05 नग डी0पी0आर0 जल निगम कार्यालय में प्रस्तुत की गई है, जिनमे 06 नग राजस्व ग्राम सम्मिलित है। डी0पी0आर0 को राज्य पेयजल एंव स्वच्छता मिशन लखनऊ तथा जल निगम द्वारा समय-समय पर निर्गत विभिन्न तकनीकी गाइड लाइन के अनुरूप जल निगम कार्यालय द्वारा जाँच की गई है। डी0पी0आर0 की कुल लागत में वर्क कॉस्ट, 2 प्रतिशत कन्टीजेन्सी 12.50 प्रतिशत विभागीय सेंन्टेज तथा 18 प्रतिशत जी0एस0टी0 को सम्मिलित किया गया है। राज्य पेयजल एंव स्वच्छता मिशन द्वारा दी गई गाइडलाईन के अनुसार 12.50 प्रतिशित सैंटज के व्यय का भी प्राविधान राज्यांश में किया गया है तथा इसके अतिरिक्त 10 वर्ष हेतु Operation and Maintenance हेतु व्यय कर भी प्राविधान राज्यांश में किया गया है। राज्य पेयजल एंव स्वच्छता मिशन द्वारा दी गई गाइडलाइन के अनुसार Ultimate Design Year के लिये योजना हेतु Per Capita Cost की दर रू 9000.00 निर्धारित की गई है तथा उक्त आंकलन हेतु वर्क कॉस्ट, कन्टोजेन्सी तथा जी0एस0टी0 को लिया गया है। मैसर्स एल0सी0इन्फा-टी0सी0ई0एल0 (जे0वी0) अहमदाबाद द्वारा प्रस्तुत डी0पी0आर0 का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है।

| क सं | योजना का नाम | ब्लाक का नाम | योजना में सम्मिलित ग्रामों की संख्या | योजना में प्राविधानित FHTC की संख्या | डिजाईन वर्ष 2052 की जनसंख्या | वर्क कॉस्ट (रू0करोड में) | सैंन्टेज (रू0करोड में) | कुल लागत (रू0 करोड़ में) | प्रति व्यक्ति लागत डिजाईन वर्ष 2052 हेतु (रू0) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रसूलपुर सिकरौड | रजापुर | 1 | 1590 | 12446 | 5.1800 | 1.5488 | 5.7288 | 4163 |
| 2 | चिरौडी (पुर्नगठन) | लोनी | 1 | 1583 | 15979 | 4.283 | 0.45 | 4.74 | 2680 |
| 3 | कलछीना (पुर्नगठन) | भोजपुर | 1 | 3157 | 32967 | 7.516 | 0.796 | 8.31 | 2280 |

[Type text]

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | मुकीमपुर (पुर्नगठन) | भोजपुर | 1 | 1258 | 8647 | 4.307 | 0.46 | 4.76 | 4981 |
| 5 | अबलपुर जोया | भोजपुर | 2 | 451 | 2872 | 2.407 | 0.27 | 2.68 | 8380 |

सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया है कि जॉच उपरान्त प्रस्तुत समस्त 05 नग डी0पी0आर0 राज्य पेयजल एवं स्वच्छता द्वारा निर्धारित निम्न मानको के अनुसार है। (1) योजना की प्रति व्यक्ति लागत रू0 9000 से कम होनी चाहिए (2) योजना में प्रति गृह संयोजन (FHTC) लागत एकल ग्राम योजना हेतु रू0 35000 से कम तथा बहुल ग्राम हेतु रू,0 65000.00 से कम होनी चाहिए तथा (3) प्रति किलोमीटर वितरण प्रणाली की लागत रू0 15.00 लाख से कम होनी चाहिए। प्रस्तुत 05 नग डी0पी0आर0 मानको के अनुरूप है तथा कम्पलाईन है।

सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि उपरोक्त योजनाओं मे से कमांक 2,4 एवं 5 पर अकिंत 03 नग ग्रामीण पाइप पेयजल योंजनाओं की डी0पी0आर0 की लागत रू0 5.00 करोड से कम होने के कारण शासनादेश संख्या–51 / 2021 / 1883 / छिहत्तर–1–2021–25सम / 2019 दिनांक 06.08.2021 (संलग्नक–घ) के बिन्दु सं0 12 के अनुसार समस्त 03 नग योजनाओं की तकनीकी स्वीकृति मुख्य अभियंता, (मेरठ क्षेत्र), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मेरठ द्वारा प्रदान की गई है। इसके अतिरिक्त कमांक 01 एवं कमांक 03 पर अकित योजनाओं की लागत 5.00 करोड से अधिक होने के कारण शासनादेश संख्या–03 / 2022 / 230 / छिहत्तर–1–2022–25सम / 2019 दिनांक 08.02.2022 (संलग्नक–च) के बिन्दु सं0–04 के अनुसार रू0 5.00 करोड से अधिक लागत की परियोजनाओं के डी0पी0आर0 की वेटिग आई0आई0टी0 / एन0आई0टी0 / अन्य राजकीय महाविघालयो / राजकीय विश्वविघालय से कराने के उपरान्त तकनीकी स्वीकृति प्रदान की जायेगी। ड्राईग / डिजाइन की स्वकृति अधीक्षण अभियंता एस0डब्ल्यू0एस0एम0 द्वारा प्रदान की जायेगी। ,

उपरोक्त प्रस्तुत डी0पी0आर0 में से कमांक (2). चिरौडी (4). मुकीमपुर तथा (5). अबलपुर जोया कुल 03 नग डी0पी0आर0 (04 नग ग्राम) राज्य पेयजल एंव स्वच्छता मिशन लखनऊ के समस्त निर्धारित मानको के अनुरूप होने तथा डी0पी0आर0 की लागत रू0 5.00 करोड से कम होने के कारण उपरोक्त 03 नग डी0पी0आर0 की स्वीकृति प्रदान करते हुए तथा कमांक 01 एवं कमांक 03 पर अकित डी0पी0आर0 की लागत रू0 5.00 करोड से अधिक होने के कारण समस्त 05 नग योजनाओं को स्वीकृति हेतु राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ को प्रेषित करने का निर्णय लिया गया है।

बैठक धन्यवाद सहित समाप्त हुई।

अधिशासी अभियंता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), गाजियाबाद सदस्य सचिव।

जिला सूचना एंव जन सम्पर्क अधिकारी, गाजियाबाद सदस्य।

जिला कृषि अधिकारी, गाजियाबाद सदस्य।

अधिशासी अभियंता ग्राउड वाटर, गाजियाबाद सदस्य।

अधिशासी अभियंता सिचांई, गाजियाबाद सदस्य।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, गाजियाबाद सदस्य।

जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी, गाजियाबाद सदस्य।

प्रभागीय वनाधिकारी गाजियाबाद सदस्य।

जिला विकास अधिकारी, गाजियाबाद सदस्य।

मुख्य विकास अधिकारी, गाजियाबाद, उपाध्यक्ष।

जिलाधिकारी गाजियाबाद अध्यक्ष

**जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति गाजियाबाद।**